# मेंटल, फिजिकल और कैरियर काउंसलिंग पर हुआ वेबीनार

(महेश प्रताप सिंह)

**कानपुर।** आज विश्वविद्यालय एंप्लॉयमेंट ब्यूरो और राष्ट्रीय सेवा योजना डीएवी कॉलेज द्वारा मेंटल, फिजिकल और कैरियर काउंसलिंग पर वेबीनार का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता विश्वविद्यालय के चीफ एंप्लॉयमेंट ब्यूरो एवं काउंसलिंग प्रभारी डॉ सुधांशु राय ने कहा वैश्विक महामारी के दौरान मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य को ठीक रखना अत्यंत आवश्यक है अगर आप मानसिक रूप से फिट हैं तो ही आप अपने करियर पर फोकस कर पाएंगे। इस विषम परिस्थिति से निकलकर सकारात्मक सोच को विकसित करें और समाज में अपना योगदान दें। विशिष्ट वक्ता डीएवी कॉलेज के कार्यक्रम अधिकारी डॉ राजीव श्रीवास्तव ने कहा आज युवा अपने करियर के प्रति काफी गंभीर है उनके सामने कैरियर के अनेक क्षेत्र हैं जरूरत है तो एक सही प्लानिंग के साथ आगे बढ़ने की। विशिष्ट वक्ता समाजसेवी अनुराधा सिंह ने समाज को स्वच्छता के प्रति जागरूक होने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि अगर हमारा वातावरण शुद्ध, स्वच्छ और सेहतमंद होगा तभी हम मानसिक शारीरिक रूप से स्वस्थ हो पाएंगे। इस अवसर पर डॉ अर्पणा कटियार डॉक्टर मनोज मिश्रा सहित एनएसएस एवं एनसीसी के छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।



## करियर काउंसिलिंग पर हुआ वेबिनार

विवि के एम्प्लॉयमेंट ब्यूरो और डीएवी कॉलेज के राष्ट्रीय सेवा योजना की ओर से फिजिकल, मेंटल और कॅरियर काउंसिलिंग पर वेबिनार का आयोजन किया गया। चीफ एम्प्लॉयमेंट ब्यूरो व काउंसिलिंग प्रभारी डॉ. सुधांशु राय ने सकारात्मक सोच के लिए प्रेरित किया। डॉ. राजीव श्रीवास्तव ने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने की सलाह दी।

# युवाओं में रचनात्मकता और आत्मविश्वास ही सफलता की कुंजी

## वेबिनार में मानसिक व शारीरिक स्वास्थ्य के साथ स्वच्छता पर जागरुकता पर जोर

कानपुर, 30 अक्टूबर। सीएसजेएम विश्वविद्यालय एंप्लॉयमेंट ब्यूरो और राष्ट्रीय सेवा योजना डीएवी कॉलेज की ओर से संयुक्त रूप से आयोजित वेबिनवार में मेंटल, फिजिकल और कैरियर काउंसलिंग विषय पर मुख्य वक्ता विवि के चीफ एंप्लॉयमेंट ब्यूरो एवं काउंसलिंग प्रभारी डॉ सुधांशु राय ने कहा कि वैश्विक महामारी के दौरान मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य को ठीक रखना अत्यंत आवश्यक है। यदि आप हम मानसिक रूप से फिट हैं तो ही अपने करियर पर फोकस कर पाएंगे। इस विषम परिस्थिति से निकलकर सकारात्मक सोच को विकसित करना होगा, तभी समाज में अपना योगदान दे सकेंगे।



बेविनार में शामिल डा. सुधाशु राय व अन्य।

### वातावरण शुद्ध, स्वच्छ होने से लोग होंगे सेहतमंद

कार्यक्रम अधिकारी डॉ. राजीव श्रीवास्तव ने कहा आज युवा अपने करियर के साथ शारीरिक स्वास्थ्य के प्रति काफी गंभीर है उनके सामने कैरियर के अनेक क्षेत्र हैं। जरूरत है तो एक सही प्लानिंग के साथ आगे बढ़ने की। विशिष्ट वक्ता समाजसेवी अनुराधा सिंह ने समाज को स्वच्छता के प्रति जागरूक होने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि हमारा वातावरण शुद्ध, स्वच्छ और सेहतमंद होगा, तभी हम मानसिक शारीरिक रूप से स्वस्थ हो पाएंगे। इस अवसर पर डॉ अर्पणा कटियार, डा. मनोज मिश्रा के अलावा एनएसएस एवं एनसीसी के छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

---

# एमए (उत्तरार्द्ध) के छात्र-छात्राओं (प्राइवेट) की मौखिक परीक्षाएं 5 से 7 नवम्बर तक

(आज समाचार सेवा)

कानपुर 30 अक्टूबर। छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय कानपुर के एमए (उत्तरार्द्ध) संस्कृत, अंग्रेजी, हिन्दी, अर्थशास्त्र, इतिहास एवं समाजशास्त्र विषय के व्यक्तिगत छात्र-छात्राओ की मौखिक पीरक्षाएं डी.बी.एस. महाविद्यालय में 5 से 7 नवम्बर 2020 के मध्य सम्पन्न करायी जाएगी। मौखिक परीक्षा का कार्यक्रम विवि की वेबसाइट पर जारी कर दिया गया है। डीबीएस कालेज के प्राचार्य डा. सी.एस. प्रसाद द्वारा जारी विज्ञप्ति के अनुसार 5 नवम्बर को संस्कृत, अंग्रेजी, 6 नवम्बर को हिन्दी, अर्थशास्त्र और 7 नवम्बर को इतिहास, समाजशास्त्र विषय की मौखिक परीक्षाएं सुबह 10 बजे से होंगी। उक्त विषय से संबंधित छात्र-छात्राएं मौखिकी परीक्षा हेतु निर्धारित तिथि एवं समय पर डीबीएस महाविद्यालय में उपस्थित होंगे।